# प्री-बोर्ड परीक्षा प्रश्न पत्र-2024-25

## हिन्दी

## कक्षा-10

समय 3 घंटा

पूर्णांक-75

निर्देश-(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(4) प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

**प्र01. सही विकल्प का चयन कीजिए-** 6

(1) स्वयंप्रकाश ने सम्पादन किया-

(1) वसुधा पत्रिका का (2) सरस्वती पत्रिका का

(3) अक्षरा पत्रिका का (4) जनवाणी पत्रिका का

(2) शिव-धनुष तोड़ने पर क्रोधित हो उठे-

(1) विश्वामित्र (2) लक्ष्मण (3) परशुराम (4) रावण

(3) लय, तुक, यति, गति, मात्रा एवं चरण से युक्त रचना को कहते हैं-

(1) रस (2) छन्द (3) अलंकार (4) मुक्तक

(4) 'लखनवी अंदाज' पाठ की विधा है-

(1) कहानी (2) व्यंग्य (3) संस्मरण (4) नाटक

(5) जिस समास में प्रथम पद विशेषण एवं द्वितीय पद विशेष्य होता है, उसे कहते हैं-

(1) अव्ययीभाव समास (2) द्विगु समास

(3) कर्मधारय समास (4) द्वन्द्व समास

(6) 'हिरोशिमा' कविता ली गई है-

(1) 'अरी ओ करुणा प्रभामय' काव्य संग्रह से

(2) 'नदी के द्वीप' काव्य संग्रह से

(3) 'इन्द्रधनुष रौंद हुए से' काव्य संग्रह से

(4) 'अरे यायावर रहेगा याद' काव्य संग्रह से

**प्र02. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए-** 6

(1) गोपियों के लिए श्री कृष्ण हारिल की.............की तरह हैं। (लकड़ी/मिट्टी)

(2) अभिनय तत्व की प्रधानता.......................काव्य में होती है। (श्रव्य/दृश्य)

https://www.mpboardonline.com

(3) वीर, भयानक एवं रौद्र रस में...............गुण होता है। (ओज/माधुर्य)

(4) बालगोबिन भगत के गीतों में..........का भाव व्यक्त हुआ है। (वियोग/प्रभुमिलन)

(5) दो निकटतम स्वरों के मेल से जो परिवर्तन होता है उसे.............सन्धि कहते हैं। (व्यंजन/स्वर)

(6) 'साना साना हाथ जोड़ि' पाठ गद्य की..........विधा में लिखा गया है। (डायरी/यात्रा वृत्तान्त)

**प्र03. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए–** 6

(1) निराला पूँजीवाद के समर्थक तथा पोषक थे।

(2) जहाँ अलौकिक आश्चर्य का भाव उत्पन्न हो, वहाँ वीभत्स रस होता है।

(3) उपन्यास में कई कथाओं का समावेश होता है।

(4) सभ्यता संस्कृति की पाठशाला है।

(5) कर्मवाच्य में क्रिया सदैव अकर्मक रहती है।

(6) हिरोशिमा की घटना विज्ञान का सदुपयोग है।

**प्र04. सही जोड़ी का मिलान कीजिए–** 6

| | | |
|---|---|---|
| (1) | उत्साह | – (1) देवी–देवताओं का निवास |
| (2) | अप्रस्तुत कथन से प्रस्तुत का बोध | – (2) निराला |
| (3) | एक कहानी यह भी | – (3) मंन्नू भण्डारी |
| (4) | लोकोक्ति | – (4) मार्गदर्शक |
| (5) | रास्ता दिखाने वाला | – (5) कहावत |
| (6) | खेदुम | – (6) अन्योक्ति अलंकार |

**प्र05. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए–** 6

(1) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या है ?

(2) 'रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यं' यह परिभाषा किस विद्वान ने दी?

(3) शास्त्रों में काशी किस नाम से प्रतिष्ठित है ?

(4) 'महाराणा प्रताप शेर थे' वाक्य में निहित शब्द शक्ति का नाम लिखिए।

(5) अमोला किसे कहते हैं ?

(6) भोलानाथ अपने पिताजी को क्या कहकर बुलाते थे ?

प्र06. नई कविता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

**अथवा** प्रगतिवादी काव्य के दो कवियों के नाम, उनकी एक–एक रचना के नाम सहित लिखिए।

प्र07. सूरदास अथवा नागार्जुन की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए–2

(1) दो रचनाएँ (2) भावपक्ष

प्र08. परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण के धनुष के टूट जाने के लिए कौन–कौन से तर्क दिए हैं ?2

**अथवा** उत्साह कविता में बादल किन–किन अर्थों की ओर संकेत करता है ? लिखिए।

प्र09. कवि नागार्जुन के अनुसार फसल क्या है ? लिखिए। 2

**अथवा** 'मरजादा न लही' के माध्यम से कौन–सी मर्यादा न रहने की बात की जा रही है ? लिखिए।

प्र010. रस के अंग लिखिए। 2

**अथवा** मानवीकरण अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र011. दोहा छंद के लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2

https://www.mpboardonline.com

अथवा काव्य की परिभाषा एवं भेद उदाहरण सहित लिखिए।

प्र012. नाटक और एकांकी में दो अंतर लिखिए। 2
अथवा कहानी और उपन्यास में दो अंतर लिखिए।

प्र013. मन्नू भण्डारी अथवा यशपाल की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए–2
(1) दो रचनाएँ (2) भाषा–शैली

प्र014. शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है ? 2
अथवा संस्कृत मानव और सभ्य मानव में क्या अंतर है ?

प्र015. हालदार साहब कौन–सी बात पर भावुक हो उठे ? 2
अथवा भगत की पुत्रवधु उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

प्र016. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए– 2
(1) आग बबूला होना (2) फूले न समाना
अथवा दिए गए वाक्यों को पहचान कर उनके सामने वाक्य का प्रकार लिखिए–
(1) मोनिका भोजन बनाओ। (2) शायद आज धूप निकलेगी।

प्र017. गंतोक को मेहनतकश मजदूरों का शहर क्यों कहा जाता है ? 2
अथवा भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ?

प्र018. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए– 3
मधुप गुन–गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत–नीलिमा में असंख्य जीवन–इतिहास,
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य–मलिन उपहास।

अथवा

बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी।।
पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारू। चहत उड़ावन फूँकि पहारू।।
इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं।।
देखि कुठारू सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना।।

प्र019. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए– 3
बालगोबिन भगत मँझोले कद के गोरे–चिट्टे आदमी थे। साठ से ऊपर के ही होंगे। बाल पक गए थे। लंबी दाढ़ी या जटाजूट तो नहीं रखते थे, किंतु हमेशा उनका चेहरा सफेद बालों से ही जगमग किए रहता। कपड़े बिलकुल कम पहनते। कमर में एक लंगोटी–मात्र और सिर में कबीरपंथियों की–सी कनफटी टोपी। जब जाड़ा आता, एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। मस्तक पर हमेशा चमकता हुआ रामानंदी चंदन, जो नाक के एक छोर से ही, औरतों के टीके की तरह, शुरू होता। गले में तुलसी की जड़ों की एक बेडौल माला बाँधे रहते।

अथवा

कल्पना कीजिए उस समय की जब मानव को सुई–धागे का परिचय न था, जिस मनुष्य के दिमाग में पहले–पहल बात आई होगी कि लोहे के एक टुकड़े को घिसकर उसके एक सिरे को छेद कर और छेद में धागा पिरोकर कपड़े के दो टुकड़े एक साथ जोड़े जा सकते है, वह भी कितना बड़ा आविष्कर्ता रहा

https://www.mpboardonline.com

होगा।

प्र020. प्लास्टिक के उपयोग के निशेध हेतु आकर्षक एवं सारगर्भित विज्ञापन बनाकर लिखिए। 3

**अथवा** नानी के घर से लौटने के पश्चात् अपनी माता के साथ संवाद लिखिए।

प्र021. निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 4

जिस-जिससे पथ पर स्नहे मिला,
उस उस राही को धन्यवाद।
जीवन अस्थिर अनजाने ही,
हो जाता पथ पर मेल कहीं।
सीमित पग-डग, लम्बी मंजिल,
तय कर लेना कुछ खेल नहीं।
दाएँ-बाएँ सुख-दुःख चलते,
सम्मुख चलता पथ का प्रसाद।
जिस जिससे पथ पर स्नेह मिला,
उस उस राही को धन्यवाद

प्रश्न- (1) उपर्युक्त काव्यांश में पथ से क्या आशय है ?
(2) जीवन को कवि ने कैसा माना है ?
(3) उपर्युक्त काव्यांश का सारांश लिखिए।

**अथवा**

भोजन हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। शरीर को ऊर्जा, विकास और मरम्मत के लिए पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है, और ये पोषक हमें भोजन से मिलते हैं। एक संतुलित आहार में सभी पोषक तत्व जैसे कार्बोहाइड्रेड, प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज शामिल होते हैं। ताजे फल, सब्जियाँ, अनाज, दालें और मांसाहारी पदार्थ संतुलित आहार का हिस्सा हो सकते हैं। भोजन के सही समय पर सेवन से भी स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके विपरीत, असंतुलित और अनियमित आहार मोटापा, हृदय रोग, मधुमेह आदि समस्याओं का कारण बन सकता है। https://www.mpboardonline.com

प्रश्न- (1) संतुलित आहार में किसका समावेश होता है ?
(2) असंतुलित आहार से क्या समस्या उत्पन्न हो सकती है ?
(3) भोजन के सही समय पर सेवन का क्या प्रभाव होता है ?
(4) गद्यांश का केन्द्रीय विषय क्या है ?

प्र022. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए- 4

**अथवा** अपनी बोर्ड परीक्षा की तैयारी से अवगत कराते हुए, पिता को पत्र लिखिए।

प्र023. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए- 4

(1) पुस्तकालय का महत्व (2) पर्यावरण संतुलन तो स्वस्थ रहे जीवन
(3) मोबाइल पर आश्रित होता युवा (4) जीवन में खेलों का महत्व
(5) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन का महत्व

https://www.mpboardonline.com